नवभारत
भोपाल, बुधवार 18 मार्च 2026

सागर रोड पर भूसा से भरी ट्रॉली पलटी

पेट्रोल पंप पास बड़ा हादसा टला, ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार बनी वजह, सड़क पर डीजल फैलने से अफरा-तफरी

- लोगों ने मिलकर हटाया भूसा

छतरपुर, 17 मार्च. शहर के सागर रोड पर सोमवार रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया. पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी के निवास के पास, अग्रवाल पेट्रोल पंप और मल्टी सिटी हॉस्पिटल के बीच भूसे से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई.

घटना रात करीब 9 से 10 बजे के बीच हुई, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रॉली में करीब 10 से 12 फीट तक भूसा भरा हुआ था. अत्यधिक ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार के चलते चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रॉली पलट गई. हादसे के बाद ट्रैक्टर से डीजल लीक होकर सड़क पर फैल गया और भूसा भी चारों तरफ बिखर गया. सबसे बड़ा खतरा पास में स्थित पेट्रोल पंप और अस्पताल को लेकर था.

यदि डीजल और सूखे भूसे में जरा सी भी चिंगारी लग जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था. घटना के बाद स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंचे. लोगों ने मिलकर सड़क से भूसा हटाया और यातायात को सामान्य करने की कोशिश की. देर रात तक राहत कार्य जारी रहा. वहीं, स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सागर रोड पर ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है. लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों की गति सीमा तय की जाए और ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

रेदासपुरा में लौटी पानी सप्लाई राहत

समन्वय से दोबारा चालू हुआ पंप, ग्रामीणों ने जताया राहत और आभार

- विधायक पहल से चालू हुई योजना
- बिजली कटने से बंद थी नल-जल योजना

छतरपुर, 17 मार्च. जनपद बिजावर के ग्राम पंचायत ऐरोरा अंतर्गत ग्राम रेदासपुरा में पिछले कई दिनों से जारी पेयजल संकट का समाधान हो गया है. पंप का बिजली कनेक्शन कट जाने के कारण नल-जल योजना बंद पड़ी थी, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था.

ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए. इसके बाद पंचायत सचिव गोपाल व्यास ने विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर सोमवार शाम करीब 4 बजे पंप का बिजली कनेक्शन दोबारा जुड़वाया. कनेक्शन बहाल होते ही नल-जल योजना फिर से शुरू हो गई और घर-घर पानी की सप्लाई पहुंचने लगी. इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और विधायक व प्रशासन का आभार जताया. पंचायत प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि भविष्य में ऐसी समस्या न आए, समय पर बिजली बिल भुगतान और नियमित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा. गांव में पानी सप्लाई शुरू होने के बाद खुशी का माहौल देखा गया.

मुख्य मार्ग से शराब दुकान हटाने की मांग

छात्राओं की सुरक्षा का मुद्दा उठा

- भाजपा ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन
- यातायात और सामाजिक माहौल पर असर

छतरपुर, 17 मार्च. शहर के छतरपुर-जबलपुर मुख्य मार्ग पर संचालित आबकारी शराब दुकान को आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग तेज हो गई है. भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे 'लल्ला' के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार भरत पांडे को ज्ञापन सौंपकर दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की.

ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्य मार्ग पर शराब दुकान संचालित होने से सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, साथ ही सुरक्षा और यातायात से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ रही हैं.

प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से महाविद्यालय की छात्राओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया. बताया गया कि इसी मार्ग से बड़ी संख्या में छात्राएं प्रतिदिन कॉलेज आती-जाती हैं, जिन्हें दुकान के सामने लगने वाली भीड़ और असहज माहौल के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है. इसके अलावा, यह मार्ग छतरपुर-जबलपुर का प्रमुख रास्ता है, जहां दिनभर भारी वाहनों का दबाव रहता है. शराब दुकान के सामने जमावड़े के कारण अक्सर यातायात बाधित होता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.

उचित कार्रवाई का आश्वासन

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि दुकान के पास ही माता मंदिर, मस्जिद और गैस एजेंसी स्थित है. यह क्षेत्र व्यस्त और संवेदनशील माना जाता है, जहां महिलाओं और बच्चों की आवाजाही अधिक रहती है. तहसीलदार भरत पांडे ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है. उन्होंने कहा कि आवेदन को आवश्यक कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा.

निर्माण स्थल पर सुरक्षा नदारद

लापरवाही से गई युवक की जान

छतरपुर, 17 मार्च. महाराजपुर-राजनगर सड़क मार्ग पर पुल निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही एक युवक की जान ले गई. पाये ग्राम के पास चल रहे निर्माण कार्य स्थल पर सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है.

जानकारी के अनुसार, गढ़ी मलहरा निवासी 22 वर्षीय हरेंद्र अनुरागी अपने साथी सोम उर्फ टोमी अनुरागी के साथ 14 मार्च की शाम बाइक से जा रहा था. पाये ग्राम के पास पुल निर्माण स्थल पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था और न ही बैरिकेडिंग की गई थी. अंधेरे और संकेतों के अभाव में बाइक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी. हादसे में हरेंद्र अनुरागी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सोम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है. मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने ठेकेदार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया.

हैरानी की बात यह रही कि हादसे के बाद ठेकेदार ने जल्दबाजी में मौके पर चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा संकेत लगवा दिए. परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उचित मुआवजे की मांग की है. यह घटना जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े करती है.

जंजीरों से निकला, मिली नई जिंदगी

10 साल से जंजीरों में जकड़ा था युवक, कोर्ट के आदेश पर ग्वालियर में इलाज

- डॉ. शर्मा बने सोनू के मसीहा, समाजसेवी की पहल से जगी उम्मीद

छतरपुर, 17 मार्च. जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम में जंजीरों में जकड़े और दयनीय स्थिति में भटक रहे 25 वर्षीय सोनू रैकवार के जीवन में अब उम्मीद की नई किरण जागी है.

समाजसेवी डॉ. संजय शर्मा की पहल और न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद सोनू को बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर स्थित मानसिक आरोग्यशाला भेजा गया है. मूल रूप से ग्राम बसारी निवासी सोनू करीब 10 साल पहले दिल्ली में मजदूरी करता था. एक प्रेम प्रसंग में विफलता के बाद उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई थी.

उग्र व्यवहार और आर्थिक तंगी के चलते परिजन उसे जंजीरों में बांधकर रखने को मजबूर थे. इस अमानवीय स्थिति पर जब समाजसेवी डॉ. संजय शर्मा की नजर पड़ी, तो उन्होंने पहल करते हुए मामला न्यायालय तक पहुंचाया. उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती रानो बघेल के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया.

मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने सोमवार को आदेश जारी कर अधीक्षक, मानसिक आरोग्यशाला ग्वालियर को निर्देशित किया कि सोनू को भर्ती कर विशेषज्ञ उपचार दिया जाए. साथ ही कोर्ट ने समय-समय पर स्वास्थ्य प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं. आदेश के पालन में डॉ. संजय शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर सोनू को सुरक्षित ग्वालियर पहुंचाया. वर्तमान में वह विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में है. स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना की है. समाज और कानून के संयुक्त प्रयास से एक उपेक्षित जीवन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है.

जीआरटीसी कंपनी बनी मुरम खनन माफिया

चंदला, 17 मार्च. विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों मुरम के अवैध उत्खनन का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है. क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर मुरम की खुदाई की जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

जानकारी के अनुसार, लक्ष्मिष्ट कंपनी द्वारा चंदला बाई-बछौन से चंद्रपुरा तक लगभग 300 करोड़ रुपये की ऊपर की लागत से हाईवे निर्माण कार्य किया जा रहा है. इस निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली मुरम के लिए प्रशासन से अनुमति जरूर ली गई थी, लेकिन आरोप है कि उत्खनन निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार नहीं किया जा रहा है.

तय सीमा और स्थान से अधिक मुरम निकालकर खुलेआम अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है. लेकिन राजस्व के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात भारी वाहनों के जरिए मुरम का परिवहन किया जा रहा है, जिससे गांव की सड़कों की हालत भी खराब हो रही है। इसके अलावा, लगातार हो रहे उत्खनन से पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है.

तार विवाद में खूनी झड़प, परिवार घायल

छतरपुर. ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़गांव में बिजली के तार को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. रविवार रात हुई इस घटना में एक ही परिवार के कई सदस्य घायल हो गए, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया है. जानकारी के अनुसार, फरियादी देशराज रजक (48) ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च की रात करीब 10 बजे उनके घर की बिजली चली गई थी. जब वे खंभे से तार हिलाकर बिजली सुधारने का प्रयास कर रहे थे, तभी पड़ोसी रामनाथ रजक के घर की भी बिजली गुल हो गई.

छतरपुर में रेत माफियाओं पर शिकंजा

संयुक्त कार्रवाई में ट्रैक्टर जब्त, महोबा रोड, रामनगर में छापेमारी

छतरपुर, 17 मार्च. जिले में खनिज माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है.

मंगलवार 17 मार्च की सुबह पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों पर घेराबंदी कर रेत का अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया. प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि महोबा रोड, गायत्री मंदिर क्षेत्र और रामनगर रोड से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है. सूचना की पुष्टि होने पर संयुक्त टीम ने इन इलाकों में अचानक दबिश दी. जांच के दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर उनके दस्तावेज और रॉयल्टी पर्ची चेक की गई, लेकिन चालक कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके.

सीएम हेल्पलाईन भी नहीं कर पाई हेल्प

पठारी. तहसील के ग्राम पंचायत भैंसवाया में किसानों को पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि की चार-चार किस्तें महीनों से नहीं मिल पा रही हैं. किसानों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे वे आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं. पठारी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसवाया के कई किसान इन दिनों प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की रुकी हुई किस्तों को लेकर परेशान हैं. किसानों का कहना है कि उनकी चार-चार किस्तें लंबे समय से अटकी हुई हैं.

खुद झाड़ू उठाकर शुरू किया अभियान

नगरपालिका सुस्ती पर युवाओं का प्रहार

कचरे के ढेर, चोक नालियों से लोग परेशान, सफाईकर्मियों पर निजी कार्य में लगे होने का आरोप

छतरपुर, 17 मार्च. स्वच्छता के दावों के बीच नौगांव शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है. प्रमुख चौराहों से लेकर मोहल्लों और गलियों तक कचरे के ढेर और चोक नालियों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है.

नगर पालिका की लापरवाही से नाराज होकर अब युवाओं ने खुद मोर्चा संभाल लिया है. स्थानीय युवाओं की एक टोली ने हाथों में झाड़ू लेकर सफाई अभियान की शुरुआत की और शहर के अलग-अलग हिस्सों में सफाई कर प्रशासन को आईना दिखाया. शहर की बदहाल स्थिति पर नागरिकों में भारी नाराजगी है. स्थानीय निवासी प्रभात टेलर ने बताया कि नालियां जाम होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही. गौरतलब है कि नगर पालिका में 100 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं, इसके बावजूद शहर की हालत खराब है. आरोप है कि कई सफाईकर्मी वार्डों में काम करने के बजाय जनप्रतिनिधियों के निजी कार्यों में लगे रहते हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है. प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में वार्ड क्रमांक-1 के युवाओं ने अनोखा कदम उठाया. डॉ. इम्तियाज खान, डॉ. नासिर खान, पूर्व पार्षद कलीम खान, रामेश्वर और शिवम सहित दर्जनों युवाओं ने सोमवार नौगांव थाना परिसर से सफाई अभियान की शुरुआत की.

आस्था | 24 मार्च से नौ दिवसीय महोत्सव शुरू, सात साल में पूर्ण हुआ निर्माण कार्य, 2 अप्रैल को होगा अनावरण

छतरपुर में 51 फीट हनुमान प्रतिमा पूरी तरह तैयार

छतरपुर, 17 मार्च. महोबा रोड स्थित ऐतिहासिक जानराय टोरिया मंदिर में आस्था और भक्ति का एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है. पिछले सात वर्षों से निर्माणाधीन 51 फीट ऊंची अष्टधातु की विशाल हनुमान प्रतिमा अब पूरी तरह तैयार हो चुकी है.

मंदिर समिति ने इसके भव्य अनावरण की तिथियों की घोषणा कर दी है. 24 मार्च से नौ दिवसीय धार्मिक महोत्सव की शुरुआत होगी, जिसका समापन 2 अप्रैल को हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर प्रतिमा के अनावरण और महाभंडारे के साथ किया जाएगा.



18 समितियों को सौंपी जिम्मेदारी

आयोजन को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए महंत भगवानदास श्रृंगारी महाराज के सान्निध्य में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कुल 18 समितियों का गठन किया गया. इनमें कलश यात्रा, अतिथि सत्कार, संत सत्कार, साज-सज्जा और आमंत्रण समितियां प्रमुख हैं. इसके अलावा भोजन, पेयजल, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं. महंत ने सभी कार्यकर्ताओं और संगठनों से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया है.

धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा

महोत्सव का शुभारंभ 24 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा. इसके बाद नौ दिनों तक मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और कथाओं का आयोजन किया जाएगा. 2 अप्रैल को देशभर से आने वाले साधु-संतों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा. श्रद्धालुओं का मानना है कि यह आयोजन शहर के धार्मिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा.

2 माह में ही दरक गई सीसी रोड, गुणवत्ता पर उठे सवाल

चंदला, 17 मार्च. गौरीहार जनपद पंचायत क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में बनाए गए सीसी रोड की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही और कमीशनखोरी के चलते सड़कें बनते ही टूटने लगी हैं। कई स्थानों पर सीसी रोड से गिट्टी निकल रही है और डस्ट का मसाला अलग होता दिखाई दे रहा है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत महोई खुर्द में करीब एक माह पहले बनाई गई लगभग 300 मीटर लंबी सीसी सड़क में दरारें पड़ने लगी हैं। यह सड़क मुख्य सरवई मार्ग से राममिलन अहिरवार के मकान की ओर बनाई गई थी, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क पर जगह-जगह दरारें नजर आने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण इतनी जल्दी सड़क खराब होने लगी है. लोगों ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते निर्माण कार्यों की सही तरीके से निगरानी नहीं की गई तो सरकारी धन की बर्बादी के साथ ग्रामीणों को भी खराब सड़कों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

इनका कहना है कि

आपके द्वारा जानकारी दी गई है हम जांच करवाते हैं जांच के उपरांत कार्यवाही की जाएगी।

मधु प्रजापति, गौरीहार
एसडीओ जनपद पंचायत